निर्देश : प्रश्न संख्या 1 से 48 में से केवल 40 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का चयन करें। चुने गए वस्तुनिष्ठ प्रश्न के सही विकल्प को चुनें एवं उसे अपने OMR Answer Sheet में रंजित करें। **(40 × 1 = 40)**

1. वैज्ञानिक आंद्रे मैरी ऐम्पियर किस देश से संबंधित है ?
(A) इंग्लैण्ड (B) फ्रांस (C) नीदरलैण्ड (D) भारत

2. पवनों का देश कहा जाता है :
(A) भारत (B) फिनलैंड (C) डेनमार्क (D) अमेरिका

3. चुंबकीय क्षेत्र एक ऐसी राशि है जिसमें होते है :
(A) परिमाण (B) दिशा
(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

4. नाइक्रोम में कौन-कौन से तत्व होते है ?
(A) निकेल एवं क्रोमियम (B) नाइट्रोजन एवं कार्बन
(C) निकेल एवं कार्बन (D) नाइलॉन एवं क्रोमियम

5. इलेक्ट्रॉन पर कितना आवेश होता है?
(A) 1.6×10^{19} कूलॉम (B) 0.16×10^{19} कूलॉम
(C) 16×10^{-19} कूलॉम (D) 1.6×10^{-19} कूलॉम

6. जूल/कूलॉम किसके बराबर है?
(A) ओम (B) वोल्ट (C) एम्पियर (D) kWh

7. विभवांतर का S.I. मात्रक है :
(A) ओम (B) कूलॉम (C) वोल्ट (D) एम्पियर

8. विभवांतर मापने वाले यंत्र को कहते हैं :
(A) मानोमीटर (B) वोल्टामीटर (C) अमीटर (D) वोल्टमीटर

9. शक्ति का S.I. मात्रक है :
(A) न्यूटन (B) वोल्ट (C) वाट (D) जूल

Scanned by CamScanner

10. समतल दर्पण द्वारा बना प्रतिबिंब हमेशा :
(A) वास्तविक होता है
(B) काल्पनिक होता है।
(C) कभी वास्तविक तो कभी काल्पनिक होता है।
(D) इनमें से कोई नहीं

11. किसी वस्तु का आवर्धित प्रतिबिंब बनता है :
(A) अवतल दर्पण से (B) समतल दर्पण से
(C) उत्तल दर्पण से (D) सब प्रकार के दर्पण से

12. हजामत बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है :
(A) उत्तल दर्पण (B) अवतल दर्पण
(C) समतल दर्पण (D) उपर्युक्त तीनों

13. निकट-दृष्टिदोष में किस लेंस का प्रयोग होता है?
(A) उत्तल लेंस (B) अवतल लेंस
(C) बेलनाकार लेंस (D) उत्तल एवं अवतल दोनों

14. धारा मापने के यंत्र को कहते हैं :
(A) आमीटर (B) वोल्टमीटर (C) कूलॉम (D) एम्पियर

15. डायनेमो से किस प्रकार की धारा प्राप्त होती है ?
(A) दिष्ट धारा (B) प्रत्यावर्ती धारा
(C) दोनों धाराएँ (D) इनमें से कोई नहीं

16. आवेश का मात्रक है :
(A) कूलॉम (B) वाट (C) एम्पियर (D) वोल्ट

17. नवीकरणीय ऊर्जा का स्रोत है :
(A) नाभिकीय ऊर्जा (B) सौर-ऊर्जा
(C) कोयले से प्राप्त ऊर्जा (D) प्राकृतिक गैस से प्राप्त ऊर्जा

18. इनमें से कौन अधातु होते हुए भी चमकीला होता है ?
(A) कार्बन (B) ब्रोमीन
(C) आयोडीन (D) इनमें से कोई नहीं

Scanned by CamScanner

19. कार्बन की परमाणु संख्या कितनी होती है ?
(A) 2 (B) 5 (C) 6 (D) 8

20. $Pb(s) + CuCl_2(aq) \longrightarrow PbCl_2(aq) + Cu(s)$ उपर्युक्त रासायनिक अभिक्रिया है :
(A) विस्थापन अभिक्रिया (B) वियोजन अभिक्रिया
(C) द्वि-विस्थापन अभिक्रिया (D) इनमें से कोई नहीं

21. लोहा से जिंक को लेपित करने की क्रिया को कहते हैं :
(A) संक्षारण (B) गैल्वनीकरण
(C) पानी चढ़ाना (D) विद्युत अपघटन

22. ज़स्ता तथा तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की अभिक्रिया के फलस्वरूप निम्न में से कौन-सा गैस बनता है?
(A) CO_2 (B) N_2 (C) H_2 (D) SO_2

23. निम्नलिखित में से कौन अधिक अभिक्रियाशील है?
(A) Cu (B) Hg (C) Ag (D) Au

24. निम्न में से कौन अधातु है?
(A) Fe (B) C (C) Al (D) Au

25. कैल्शियम (Ca) की परमाणु संख्या है :
(A) 12 (B) 13 (C) 19 (D) 20

26. सिलिका क्या है?
(A) धातु (B) अधातु (C) उपधातु (D) कोई नहीं

27. नाइट्रोजन अणु में कितने सह-संयोजक बंधन होते हैं?
(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4

28. संगमरमर का रासायनिक सूत्र क्या है?
(A) $CaCO_3$ (B) $Mg(HCO_3)_2$
(C) $Ca(HCO_3)_2$ (D) $Mg(CO_3)_2$

29. सोडियम कार्बोनेट का अणुसूत्र है :
(A) Na_2CO_3 (B) $NaHCO_3$ (C) Na_2CO_2 (D) NaCl

Scanned by CamScanner

30. –CHO क्रियाशील मूलक को क्या कहते हैं?
(A) कीटोन (B) एल्डिहाइड
(C) अल्कोहल (D) कोई नहीं

31. सबसे कठोरतम तत्त्व कौन है?
(A) पत्थर (B) हीरा (C) कार्बन (D) ऑक्सीजन

32. अक्रिय तत्त्व कौन है?
(A) कार्बन (B) हीलियम (C) सोना (D) हाइड्रोजन

33. आधुनिक आवर्त-सारणी में तत्त्वों के वर्गीकरण का आधार है :
(A) परमाणु आयतन (B) परमाणु घनत्व
(C) परमाणु द्रव्यमान (D) परमाणु संख्या

34. हीलियम कैसा तत्त्व है?
(A) अक्रिय (B) क्रियाशील (C) सक्रिय (D) उदासीन

35. निषेचन क्रिया के पश्चात् युग्मनज में क्या बनता है ?
(A) बीज (B) भ्रूण
(C) खून का थक्का (D) इनमें सभी

36. अवशेषी अंग का उदाहरण है :
(A) कर्णपल्लव की पेशियाँ (B) पुच्छ कशेरूकाएँ
(C) निषेचक पटल (D) इनमें सभी

37. एक आहार शृंखला में शाकाहारी से निर्माण होता है :
(A) प्रथम पोषी स्तर का (B) द्वितीय पोषी स्तर का
(C) तृतीय पोषी स्तर का (D) चतुर्थ पोषी स्तर का

Scanned by CamScanner

38. मैग्नेशियम पाया जाता है–
(A) क्लोरोफिल में
(B) लाल रक्त कण में
(C) वर्णीलवक में
(D) श्वेत रक्त कण में

39. मनुष्य में प्रमुख उत्सर्जी अंग है–
(A) रक्त
(B) स्वेद ग्रंथि
(C) वृक्क
(D) अग्न्याशय

40. खुला परिसंचरण तंत्र पाया जाता है :
(A) मनुष्यों (पुरुष) में
(B) घोड़े में
(C) कॉकरोच में
(D) स्त्री में

41. इन्सुलिन नामक हार्मोन की कमी से कौन-सा रोग उत्पन्न होता है ?
(A) उच्च रक्त चाप
(B) मधुमेह
(C) घेंघा
(D) बौनापन

42. तंत्रिका तन्तु की उत्पति किस प्राथमिक उत्तक द्वारा होता है ?
(A) एक्टोडर्म
(B) मिसोडर्म
(C) इन्डोडर्म
(D) इनमें से कोई नहीं

43. मनुष्य में वृक्क एक तंत्र का भाग है जो संबंधित है–
(A) पोषण
(B) श्वसन
(C) उत्सर्जन से
(D) परिवहन

44. दही के जमने में निम्नलिखित कौन सी क्रिया होती है ?
(A) अपघटन
(B) प्रकाश-संश्लेषण
(C) किण्वन
(D) उत्सर्जन

45. मानव-मादा में निषेचन होता है–
(A) गर्भाशय में
(B) अंडाशय में
(C) योनि में
(D) फैलोपियन नलिका में

46. मुकुलन द्वारा अलैंगिक जनन होता है–
(A) हाइड्रा में
(B) मटर में
(C) शैवाल में
(D) प्लाज्मोडियम में

47. अलैंगिक जनन मुकुलन द्वारा होता है–
(A) अमीबा में
(B) यीष्ट में
(C) प्लाज्मोडियम में
(D) लेस्मानिया में

48. परागकोश में होते हैं–
(A) बाह्य दल
(B) अंडाशय
(C) अंडप
(D) परागकण

Scanned by CamScanner